# माओवादी उग्रवाद का उन्मूलन

## प्रलिम्सि के लयि:

केंद्रीय रज़िर्व पुलसि बल, कमांडो बटालयिन फॉर रेज़ोलयूट एक्शन, ऑपरेशन समाधान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम, नागरकि कार्यवाही कार्यक्रम, वन अधिकार अधिनियिम, 2006, विधिविरुद्ध क्रयाि-कलाप (निवारण) अधिनियिम, 1967, वन संरक्षण अधिनियिम, 1980, पाँचवीं और नौवीं अनुसूची, जनजातीय सलाहकार परिषद।

## मेन्स के लयि:

भारत में वामपंथी उग्रवाद से जुड़े मुद्दे और चुनौतयाँ।

स्रोत: पी.आई.बी

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **केंद्रीय गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर स्थति अमर शहीद स्मारक** पर माओवादी उग्रवाद ( **नक्सलवाद)** से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पति की।

- उन्होंने यह भी कहा कि **त्रि-आयामी रणनीति का उपयोग करके मार्च 2026 तक** भारत **माओवादी उग्रवाद (नक्सलवाद) से पूरी तरह मुक्त** हो जाएगा।
  - **त्रि-आयामी लालच-और-दंड रणनीति (Three-Pronged Carrot-And-Stick Strategy)** में माओवादी उग्रवाद से निपटने के लयि **सुरक्षा उपाय, विकास और सशक्तिकरण** शामिल हैं।

## माओवादी उग्रवाद को खत्म करने की त्रि-आयामी रणनीति क्या है?

- **सुरक्षा उपाय (बल):**
  - **सुरक्षा बलों की तैनाती:** वामपंथी उग्रवाद (LWE) प्रभावित क्षेत्रों में **केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों** की उपस्थिति को मज़बूत करना।
  - **संयुक्त अभियान: राज्य पुलिस** और केंद्रीय सशस्त्र बलों जैसे **CRPF (केंद्रीय रज़िर्व पुलसि बल) तथा COBRA (कमांडो बटालयिन फॉर रेज़ोलयूट एक्शन)** के बीच समन्वति कार्यवाही।
  - **क्षमता निर्माण:** सैन्य बलों के लयि हथियारों, संचार प्रणालियों और बुनियादी ढाँचे को उन्नत करना। उदाहरण के लयि, CAPF बटालियनों के लयि **मिनी UAV, सौर लाइट, मोबाइल टावर** आदि का उपयोग।
  - **ऑपरेशन समाधान:** खुफिया जानकारी जुटाने, परिचालन रणनीति और विकास पर केंद्रित एक दृष्टिकोण।
- **विकास पहल:**
  - **विकास केंद्रित योजनाएँ:** प्रमुख कार्यक्रमों का कार्यान्वयन जैसे:
    - **PMGSY (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना):** ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी के लयि।
    - **आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम:** सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 15,000 घरों के निर्माण को मंज़ूरी दी है।
      - प्रत्येक गाँव में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुँचाने के प्रयास चल रहे हैं।
    - **वामपंथी उग्रवाद प्रभावित 47 ज़िलों में कौशल विकास योजना:** वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लयि विशेष रूप से तैयार की गई।
    - **नागरिक कार्यवाही कार्यक्रम (CAP):** वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों को करने के लयि CAPFs को वित्तीय अनुदान प्रदान करना
    - **विशेष अवसंरचना योजना:** सुदूरवर्ती क्षेत्रों में **सड़क, पुल और स्कूल** जैसी बुनियादी अवसंरचना का सृजन।
    - **बेहतर शासन:** स्थानीय कार्मिकों की भर्ती के माध्यम से इन क्षेत्रों में प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना।
- **सशक्तीकरण (दिल और दिमाग जीतने का दृष्टिकोण):**
  - **सार्वजनिक सहभागिता:** सरकार और जनजातीय समुदायों के बीच **विश्वास और संचार** को बढ़ावा देना, अलगाव को कम करना।
  - **पुनर्वास नीतियाँ:** माओवादी कार्यकर्त्ताओं के लयि आत्मसमर्पण और पुनर्वास योजनाएँ, जिनमें **शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा**

**वित्तीय सहायता** जैसे प्रोत्साहन दिये जाते हैं।
    - **शिकायतों का समाधान: निष्पक्ष भूमि अधिग्रहण** नीतियों को सुनिश्चित करना, [वन अधिकार अधिनियम, 2006](#) का कार्यान्वयन और सामाजिक-आर्थिक अंतर को कम करने के लिये जनजातीय अधिकारों का संरक्षण।

**नोट: समाधान** का अर्थ है S- Smart leadership (कुशल नेतृत्व), A- Aggressive strategy (आक्रामक रणनीति), M- Motivation and training (अभिप्रेरणा एवं प्रशिक्षण), A- Actionable intelligence (अभियोज्य गुप्तचर व्यवस्था), D- Dashbord based key performance indicators and key result area (कार्ययोजना आधारित प्रदर्शन सूचकांक एवं परिणामोन्मुखी क्षेत्र), H- Harnessing technology (कारगर प्रौद्योगिकी), A- Action plan for each threat (प्रत्येक रणनीति की कार्ययोजना) और N- No access to financing (नक्सलियों के वित्त-पोषण को विफल करने की रणनीति)।

## माओवाद क्या है?

- **परिचय: माओ से-तुंग** द्वारा विकसित साम्यवाद का एक रूप है। यह **सशस्त्र विद्रोह, जन-आंदोलन और रणनीतिक गठबंधनों** के संयोजन के माध्यम से राज्य की सत्ता पर अधिकार करने का सिद्धांत है।
    - माओ ने इस प्रक्रिया को **'दीर्घकालिक जनयुद्ध' कहा,** जिसमें सत्ता पर अधिकार करने के लिये **'मिलिट्री लाइन'** पर ज़ोर दिया जाता है।
- **माओवादी विचारधारा:** माओवादी विचारधारा का केंद्रीय विषय राज्य सत्ता पर कब्ज़ा करने के साधन के रूप में **हिंसा और सशस्त्र विद्रोह** का प्रयोग करना है।
    - माओवादी उग्रवाद सिद्धांत के अनुसार, **'हथियार रखना अस्वीकार्य है'**।
- **भारतीय माओवादी:** भारत में सबसे बड़ा और सबसे हिंसक माओवादी संगठन **भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) है** जिसका गठन **वर्ष 2004** में हुआ था।
    - फ्रंट ऑर्गनाइज़ेशन मूल माओवादी पार्टी की शाखाएँ हैं, जो **कानूनी उत्तरदायित्व से बचने के लिये अलग अस्तित्व** का दावा करती हैं।
- **CPI (माओवादी) और उसके अग्रणी संगठनों को गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967** के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया है।

[//](#)



## माओवादी उग्रवाद को समाप्त करने में हाल की उपलब्धियाँ क्या हैं?

- **'माओवाद-मुक्त' गाँव:** वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ में **287 नक्सलियों** को मार गिराया गया, लगभग **1,000** को गिरफ्तार किया गया और **837** ने आत्मसमर्पण कर दिया।
    - **दंतेवाड़ा के गाँवों को क्रमिक रूप से 'माओवादी मुक्त'** घोषित किया गया है, **वर्ष 2021 तक 15 से अधिक गाँवों** को यह दर्जा प्राप्त हो जाएगा।
    - रिकॉर्ड संख्या में नक्सलवादियों को मारा गया, गिरफ्तार किया गया या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। यह इतिहास में पहली बार है कि एक ही वर्ष में इतना बड़ा क्षेत्र नक्सल प्रभाव से मुक्त हो गया है।




- **सुरक्षा बलों की मृत्यु में कमी:** वर्ष 2024 में, सुरक्षा बलों की केवल 14 मृत्यु दर्ज की गईं, जो वर्ष 2007 में अधिकतम 198 मृत्यु की तुलना में काफी कम है।
- **समर्थन हासिल करना:** माओवादियों की असफलता का कारण जनजातीय समुदायों से **मिल रही समर्थन में कमी है**, जो वर्षों तक नुकसान पहुँचाने के बाद अलगाव महसूस कर रहे हैं।
- **उन्नत सुरक्षा उपाय:** सैन्य सहायता और परिचालन दक्षता के लिये अब **12 हेलीकॉप्टर** तैनात किये गए हैं, जबकि पहले केवल दो हेलीकॉप्टर तैनात थे, जिसके बाद से सरकारी सैन्य हताहतों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है।
- **बुनियादी ढाँचा और रसद:** वर्ष 2014 और 2024 के बीच **544 किलेबंद पुलिस स्टेशन** बनाए गए, जबकि **वर्ष 2004 और 2014 के बीच केवल 66** ही बनाए गए थे।
    - सुरक्षा संबंधी रिक्तियों को भरने के लिये **45 पुलिस स्टेशनों** को भरने का निर्णय लिया गया है।
- **विशेष केंद्रीय सहायता:** अब तक कुल **14,367 करोड़ रुपए** स्वीकृत किये गए हैं, जिनमें से **12,000 करोड़ रुपए** प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे में सुधार पर खर्च किये गए हैं।

## माओवादी उग्रवाद को समाप्त करने में क्या चुनौतियाँ हैं?

- **शोषण और दमन:** सामंती व्यवस्था, जातिपदानुक्रम और [वन संरक्षण अधिनियम, 1980](#) जैसे कानून ने आदिवासियों को और अधिक अलग-थलग कर दिया, जबकि माओवादियों के मूल आधार जनजातियों तथा दलितों को ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर रहने के लिये मजबूर किया गया।
- **विकास का अभाव:** आंतरिक क्षेत्रों में **बुनियादी ढाँचे का अभाव है,** महत्त्वपूर्ण आवंटन के बावजूद शासन और कार्यान्वयन विफलताओं के कारण विकास अवरुद्ध है।

- **केंद्रीकृत माओवादी कमान:** CPI (माओवादियों) के पास **केंद्रीकृत कमान** है, जो सरकार की **वभिाजति प्रतक्रियिा के कारण अभुजमाध** जैसे क्षेत्रों को सैन्य ठकिानों के रूप उपयोग करने को सक्षम बनाती है।
- **समृद्ध संसाधनों तक पहुँच: 80% कोयला भंडार** और लगभग **19%** अन्य समृद्ध **खनजि संसाधन** नक्सल प्रभावति आदवािसी क्षेत्रों में स्थति हैं, जसिसे उन्हें अधकितम लाभ प्राप्त करने के लयि एक अतरिकि्त प्रोत्साहन प्रदान करता है।
- **वश्विास की कमी:** अप्रभावी शासन, संवैधानकि प्रावधानों (**जैसे**- पाँचवीं एवं नौवीं अनुसूची) के गैर-कार्यान्वयन तथा उचति पुनर्वास के बनिा वस्थिापन से स्थानीय अलगाव की स्थतिि और खराब हो जाती है।

## आगे की राह:

- **शासन में सुधार: पाँचवीं अनुसूची** के अनुसार जनजातीय सलाहकार परषिदों का गठन करना ताकि आदवािसयिों को अपने संसाधनों के प्रबंधन में सशक्त बनाया जा सके।
    - भूमहीिनों को भूमि पुनर्वतिरति करने के लयि **नौवीं अनुसूची** के अंतर्गत भूमि हदबंदी अधनियिम लागू करने की आवश्यकता है।
- **आर्थकि वकिास:** बुनयिादी मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लयि **आक्रामक और समावेशी वकिासात्मक पहलों** पर ध्यान केंद्रति करना।
    - **अफीम की खेती** जैसी अवैध गतवििधियिों पर नरि्भरता को **कम करने** के लयि वैकल्पकि आजीवकिा प्रदान करना।
- **सुरक्षा उपाय:** स्थानीय शासन संरचनाओं को सशक्त बनाते हुए जनजातीय क्षेत्रों को सुरक्षति करने के लयि**अर्द्ध-सैनकि बलों की वशिेष इकाई** तैनात करना।
- **संसाधन प्रबंधन:** इस प्रक्रयिा में हतिधारकों के रूप में आदवािसयिों के साथ **प्राकृतकि संसाधनों का सतत् और न्यायसंगत** दोहन सुनश्चिति करना।

***[illegible]:***

**प्रश्न:** माओवादी उग्रवाद को खत्म करने के लयि भारत सरकार द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली त्रि-आयामी रणनीति का वश्लिेषण कीजयि।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्षों के प्रश्न

***[illegible]:***

**Q. भारत के पूर्वी हसि्से में वामपंथी उग्रवाद के नर्धिारक क्या हैं? प्रभावति क्षेत्रों में खतरे का मुकाबला करने के लयि भारत सरकार, नागरकि प्रशासन और सुरक्षा बलों को क्या रणनीति अपनानी चाहयि? (2020)**

**Q. पछिड़े क्षेत्रों में बड़े उद्योगों का वकिास करने के सरकार के लगातार अभयिानों का परणिाम जनजातीय जनता और कसिानों, जनिको अनेक वस्थिापनों का सामना करना पड़ता है, का वलिगन (अलग करना) है। मल्कानगरि एिवं नक्सलबाड़ी पर ध्यान केंद्रति करते हुए वामपंथी उग्रवादी वचिारधारा से प्रभावति नागरकिों को सामाजकि तथा आर्थकि संवृद्धि की मुख्यधारा में फरि से लाने की सुधारक रणनीतयिों पर चर्चा कीजयि। (2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eliminating-maoist-insurgency